भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
अतारांकित प्रश्न सं. **1117**
रविवार, 20 सितम्बर, 2020/29 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पूर्वोत्तर भारत में पर्यटक सर्किट्स का विकास**

**1117 श्री राकेश सिन्हा:**

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटक स्थलों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार इन पर्यटक स्थलों का एक सर्किट बनाएगी;

(ग) इन राज्यों, विशेषकर मेघालय, मणिपुर, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) मंत्रालय ने कितने पर्यटक स्थलों को चिह्नित किया है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों की पहचान तथा विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विभिन्न गंतव्य को कवर करते हुए पूर्वोत्तर भारत में परियोजनाओं सहित विभिन्न थीम आधारित परिपथ स्वीकृत किए हैं। पूर्वोत्तर भारत में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय मेघालय, मणिपुर, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश राज्यों में स्थित गंतव्य सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के संपूर्ण संवर्धन के लिए अनेक कार्यकलाप करता है। इन कार्यकलापों में अभियान जारी करना, प्रचार सामग्री तथा टेलीविजन कमर्शियल/फिल्में तैयार करना/पूर्वोत्तर भारत के संवर्धन से संबंधित समारोहों में सहायता करना, मेलों और महोत्सव तथा इस क्षेत्र में पर्यटन के संवर्धन की क्षमता रखने वाले समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करना, पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित समारोहों में पूर्वोत्तर भारत की राज्य सरकारों को भागीदारी का अवसर प्रदान करना आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पूर्वोत्तर क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को दर्शाने और आठ पूर्वोत्तर राज्यों के उद्यमियों को क्रेताओं के साथ संपर्क का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किसी एक पूर्वोत्तर राज्य में क्रमानुसार वार्षिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का आयोजन करता है। आईटीएम का आठवां संस्करण दिनांक 23-25 नवंबर 2019 को इंफाल, मणिपुर में आयोजित किया गया था जिसमें 18 से अधिक देशों से 35 विदेशी क्रेताओं, भारत के अन्य भागों से 32 घरेलू हितधारकों तथा पूर्वोत्तर राज्यों से 79 विक्रेताओं ने भाग लिया।

***********

**अनुबंध**

पूर्वोत्तर भारत में पर्यटक सर्किट्स का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 20.09.2020 के राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1117 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर भारत में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ क्षेत्र** | **परिपथ का नाम/वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2014-15) | भालुकपोंग बोमडिला और तवांग में परिपथ का विकास | **49.77** |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2015-16) | जीरीगांव, नफरा, सेप्पा,पप्पू, पासा, पक्के घाटी,लुम्डुंग, लफांग, सोहंग लेक, तारोयार न्यू सागले, जीरो, योमचा का एकीकृत विकास | **96.72** |
| 3. | असम | वन्यजीव परिपथ (2015-16) | मानस-पीबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू-साइखोवा का विकास | **94.68** |
| 4. | असम | विरासत परिपथ (2016-17) | तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास | **90.98** |
| 5. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2015-16) | इम्फाल में खोंगजोम परिपथ का विकास | **72.23** |
| 6. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ (2016-17) | श्री गोविन्दजी मंदिर, श्री बिजयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | **53.80** |
| 7. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2015-16) | लिंकिंग रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फड़मचेन-नाथांग-शेरथांग- त्सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन - थंगु- गुरूदोंगमर- मंगन-गंगटोक-टमिनलिंग- सिंगटम (निकास) परिपथ का विकास | **98.05** |
| 8. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2016-17) | लिंगमू-लिंगी-माका-टेमी - बरमोइकनामची- ओखरे- सोमबरिया-दारमदीन- मेली (बाहर) पर्यटक परिपथ का विकास | **95.32** |
| 9. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2015-16) | तंजावल साउथ ज़ोट, डिस्ट्रिक्ट्स सीरशिप तथा रीक का समेकित विकास | **92.26** |
| 10. | मिजोरम | इको परिपथ (2016-17) | एज़ावल -रावपुइछिप -कॉवफवप- लेंगपुई - डर्टलैंग - चेतलांग- में सकरावुमटुआइट्लंग -मूते - बेरतलॉन्गा - टिरियल एयरफ़ील्ड-ह्यूमबेरंग इको- एडवेंचर परिपथ | **99.07** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | का विकास | |
| 11. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ (2015-16) | पेरेन - कोहिमा- वोखा परिपथ का विकास | **97.36** |
| 12. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ (2016-17) | मोकोकचुंग - तेनसांग-मांग का विकास | **99.67** |
| 13. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2015-16) | अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर-उदयपुर- अमरपुर-तीर्थमुख- मंडीघाट- डूमोर- नारिकेलकुंजा- गंडचारा-अंबासा उत्तर - पूर्वी परिपथ का विकास | **82.85** |
| 14. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2018-19) | सूरमा चेरा का विकास- उनाकोटी- जम्पुई हिल्स-गुनबती-भुनेश्वरी-मातावाड़ी - नीरमहल- बॉक्सनगर-छोताखोला- पिलक- अवंगचरा का विकास | **65.00** |
| 15. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2016-17) | उमियाम (लेक व्यू), यूलुम सोहपेटबेंग -मऊडियोगडियोग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | **99.13** |
| 16. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ (2018-19) | पश्चिम खासी पहाड़ियों का विकास (नोंगख्लाव- क्रैमटिरोट - खुडोई और कोहमंगफॉल्स - खारी नदी-मावतद्रिशान, शिलोन), जयंतिया हिल्स (क्रंगसुरी फॉल्स- शिरमांग -लूकसी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व,कट्टाबेल, सिजू गुफाएं) | **84.97** |

*******